प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 02.05.2025 समय : 01:00 पी.एम.

..........................

वेव्स शिखर सम्मेलन के तहत आज मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में वैश्विक मीडिया संवाद शुरू हुआ।विदेश मंत्री डॉ सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी और परंपरा को मिलकर साथ–साथ चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी देश की अनमोल विरासत के बारे में जागरूकता को बढावा दे सकती है। इस अवसर पर सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मीडिया और मनोरंजन उद्योग जगत का बाजार लगभग तीन खरब अमरीकी डॉलर का है। उन्होंने सभी से अपनी कहानी दुनिया के सामने रखने का उचित अवसर प्रदान करने और स्थानीय सामग्री का प्रचार करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन तथा सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू भी उपस्थित थे। वेव्स शिखर सम्मेलन में 60 से अधिक देश भाग ले रहे हैं, जिनमें एशिया, यूरोप, अफ्रीका और अमरीका के प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हैं। यह आयोजन वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य के साथ भारत के जुड़ाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

...................

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने आज बांसवाडा में नई शिक्षा नीति पर आधारित राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। ये कार्यशाला गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में शिक्षक और शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर चर्चा की जा रही है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से आये विशेषज्ञ भाग ले रहे है।

.................

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के कपाट आज सुबह सात बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए है। विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार और विशेष पूजा–अर्चना के साथ ये कपाट खोले गए। इस पावन अवसर पर देश–विदेश से हजारों श्रद्धालु, बाबा केदार नाथ के दर्शनों के लिए धाम पहुंचे, जहां भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का अनुपम संगम देखने को मिला। मुख्यंत्री भजन लाल शर्मा ने केदारनाथ धाम के कपाट खुलने पर सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

...................

पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. गिरिजा व्यास का अंतिम संस्कार आज शाम 4 बजे उदयपुर में किया जायेगा। इससे पहले डॉ. व्यास की पार्थिव देह अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर रखी गई है। डॉ. गिरिजा व्यास को अंतिम विदाई देने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंहुच रहे है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा सहित अन्य राज नेताओं ने उनके आवास पर पंहुच कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। डॉ. व्यास का कल 79 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। गिरिजा व्यास केंद्र और राज्य में मंत्री रहीं। वे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष भी रहीं। उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रहते हुए महिलाओं के कल्याण के लिए कई काम किए।

..................

रेलवे ने नई डिजिटल घड़ी की डिजाइन के लिए राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता की घोषणा की है। इस प्रतियोगिता से तैयार मानक घडियों को देश भर के रेलवे स्टेशनों और सभी प्लेटफॉर्म पर लगाया जाएगा। प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित की जा रही है। इनमें प्रोफेशनल, विश्वविद्यालय और स्कूली विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। रेलवे के सूचना और प्रचार कार्यकारी निदेशक दिलिप कुमार ने कहा कि प्रतियोगिता में पहले स्थान पर चुनी गई डिजाइन को पांच लाख रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगी इस महीने के अंत तक अपनी डिजाइन ऑनलाइन भेज सकते हैं।

.....................

अजमेर के नाथूथाला गांव में दो बच्चों की संदूक में दम घुटने से मृत्यु हो गई। ये दोनो बच्चे घर में अकेले थे और खेलते हुए लोहे के पुराने संदूक में छिप गये थे। परिजनों को खोजबीन के बाद दोनों बच्चे संदूक

में बेहोश मिले। उन्हें पीसांगन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

.........................

प्रदेश में आज भी दोपहर बाद आंधी चलने और बारिश होने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर संभाग के कुछ भागों में बारिश हो सकती है। वहीं तेज रफ्तार हवायें चलने के आसार है। विभाग के अनुसार आंधी बारिश की गतिविधियां अगले एक सप्ताह के दौरान राज्य के कई हिस्सों में जारी रहने की संभावना है। इससे तापमान में 2 से 5 डिग्री की गिरावट होने तथा हीटवेव से राहत मिलने के आसार है। इस बीच पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर आंधी और बारिश की गतिविधियां दर्ज की गई। कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे। सबसे अधिक तापमान जैसलमेर में 46 दशमलव 7 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया ।

.....................